# हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले | By Hemant Brijwasi

हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
जो भी तेरा नाम पुकारे, वो हैं किस्मत वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले

भोला भाला है मतवाला पीके रहता भंग
जो भी चढ़ाये गंगाजल को हो जाता है संग
तेरे गले में नाग हैं काले शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले

जटा जूट में गंग विराजे तू है अन्तर्यामी
भक्तों के हित दौड़ा आये तू है सबका स्वामी
मेरी कांवड़ तू ही सम्भाले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले

भस्म लगाए जब तू तन पे महाकाल कहलाये
ऐसा सुन्दर रूप निराला भक्तों के मन भाये
हेमंत को गले लगाले शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले
हैं तेरे भगत निराले, शिव शंकर डमरू वाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%97%e0%a4%a4-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82/